प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 27.10.2026

- **थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.10.2026 को थाना रसूलाबाद पर वादिया द्वारा अपनी नाबालिग पौत्री को अभियुक्त सत्यम द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने पर इसका उलाहना अभियुक्त के घर देने पर अभियुक्त के परिजनों द्वारा गाली गलौच कर मारपीट पर आमदा होने आदि के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 394/2026 धारा 137(2)/115(2)/352/351(2)/61(2) बीएनएस बनाम 1. सत्यम पुत्र चरनसिंह, 2.चरनसिंह पुत्र मनफूल, 3. संजय पुत्र चरनसिंह, 4. कर्मवीर उर्फ करन सिंह पुत्र रामसेवक, 5. पुष्पेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र श्रीकृष्ण, 6. जबरसिंह उर्फ अरूण कुमार पुत्र रामसेवक समस्त निवासीगण ग्राम रामपुर कसमडा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त की पीड़िता को बरामद किया गया। दौरानें विवेचना बयान पीड़िता धारा 180/183 बीएनएसएस व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 61(2) बीएनएस का लोप करते हुए धारा 87/64(1) बीएनएस व धारा ¾ पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

आज दिनांक 27.10.2026 को थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सत्यम कुमार पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रामपुर कसमड़ा, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात को ग्राम कसमड़ा बम्बी के पास से थाना क्षेत्र रसूलाबाद से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों को विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –

1. सत्यम कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रामपुर कसमड़ा, थाना रसूलाबाद, कानपुर देहात।
2. **अभियुक्त सत्यम कुमार उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0394/2025 धारा 64(1)/137(2)/87 बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट, थाना रसूलाबाद,जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तारी करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार, चौकी प्रभारी बिरहुन
2. का0 824 आकाश कुमार।